हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 20 जून 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री


15 ग्रेडर मशीन की चपेट में आने से महिला की मौत





16 स्वस्थ रहने सैकड़ों लोगों ने किया सामूहिक योग




## खबर संक्षेप

### गातापार में कबीर जयंती आज

**कुरुद।** ग्राम गातापार (कोर्रा) में कबीर सत्संग समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आज कबीर जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में कबीर साहेब के विचारों और उनके मानव कल्याण के संदेशों पर विशेष चर्चा होगी। मुख्य वक्ता मुक्तिशरण साहेब कोलियारी आश्रम शामिल होंगे। इसके अलावा सेनचुवा, करगा, पोटियाडीह, मंदरौद, बागतराई, देवपुर और सेमरा आश्रम से साधु-साध्वियों का आगमन होगा। कार्यक्रम का संचालन करुणेंद्र साहेब कबीर आश्रम गातापार द्वारा किया जाएगा।

### स्कूल सफाई कर्मचारियों बैठक कल

**डांडेसरा(धमतरी)।** छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक 21 जून रविवार को सुबह 10 बजे मठपुरैना हाईस्कूल रायपुर में रखी गई है। धमतरी प्रभारी जिलाध्यक्ष डागेश्वर पटेल, जिला मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू एवं सोशल मीडिया प्रभारी दयानंद साहू ने बताया कि लंबित मांगों के संबंध में चर्चा की जायेगी।

### देवांगन समाज का वार्षिक सम्मेलन 21 को

**धमतरी।** धमतरी मंडल देवांगन समाज का वार्षिक सम्मेलन 21 जून को दोपहर 2:30 बजे देवांगन धर्मशाला दानीटोला धमतरी में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं एवं समाज हित में उल्लेखनीय कार्य करने वाले समाजसेवियों, विशिष्ट व्यक्तियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली युवा प्रतिभाओं क सम्मानित किया जाएगा। समाज से जुड़े विभिन्न प्रकरणों पर चर्चा कर उनके निराकरण के लिए सुझाव लिए जाएंगे।

### राजस्व अनुविभागों में 20 तक पंजीयन शिविर

**धमतरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में संचालित विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान के तहत जिले के सभी राजस्व अनुविभागों में 20 जून तक तीन दिवसीय पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना, नए पंजीयन करना, त्रुटियों का निराकरण तथा विभिन्न योजनाओं से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। शिविरों के संचालन के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है ।

# मेड़ पर नाली निर्माण को लेकर किसान ने किया जहर सेवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पंचायत द्वारा खेत की मेड़ पर नाली निर्माण को लेकर भेंडरवानी के किसान युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवनकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। युवक ने गांव के सरपंच पर मनमानी करने का आरोप लगाया है।

पीड़ित व परिजनों के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम भेंडरवानी निवासी मिथिलेश पटेल पिता जगतराम उम्र 31 वर्ष खेती किसानी का काम करता है। गांव में उसका खेत है। पंचायत द्वारा पानी निकासी के लिए नाली की खुदाई की जा रही है। नाली निर्माण के लिए युवक के खेत की मेड़ की भी खुदाई कर दी गई है जिसका किसान युवक द्वारा विरोध किया गया।

पीड़ित युवक का आरोप है कि बिना किसी प्रस्ताव व पूर्व सूचना के उसके खेत की मेड़ पर नाली बनाई जा रही है। इस संबंध में युवक ग्राम पंचायत गया था, उसके बाद नाली निर्माण की बात को सरपंच

**ग्राम भेंडरवानी का मामला, सरपंच पर मनमानी का आरोप**



मिथिलेश साहू के साथ उसका विवाद हो गया। उसके बाद युवक घर आ गया। खेत की मेड़ पर हो रहे नाली निर्माण की बात से परेशान होकर युवक ने घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। जानकारी होने पर बड़े भाई ने डायल 112 को सूचना दी। तत्पश्चात युवक को उपचार के लिए गुजरा अस्पताल पहुंचाया गया जहां से रिफर करने पर युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों की निगरानी में युवक का उपचार जारी है। दूसरे दिन गुरुवार तक युवक की हालत में काफी सुधार आ गया है। पीड़ित युवक व परिजनों ने सरपंच पर मनमानी करने का आरोप लगाया है।

वहीं सरपंच मिथिलेश साहू ने मीडिया को बताया कि उन पर लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद है। उनका कहना है कि नाली का निर्माण शासकीय भूमि पर किया जा रहा है। किसान की मेड़ व निजी जमीन पर नाली नहीं बनाई जा रही है। जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

अलग-अलग गांवों में विभिन्न कोर्स पर निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण शुरू

# टाइगर रिजर्व के वन ग्रामों के युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

संरक्षण भी, विकास भी के मूलमंत्र के साथ टाइगर रिजर्व में युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की कवायद वन विभाग ने शुरु कर दी है। शुक्रवार से अलग-अलग गांवों में पांच दिवसीय विभिन्न कोर्स पर निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे 13 गांव के 67 प्रतिभागी शामिल हैं।

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से पं. सुंदरलाल शर्मा एजुकेशन अकादमी के माध्यम से पांच-पांच दिवसीय निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम इको सेंटर कोयबा में आयोजित किया गया है। इसके अतिरिक्त ग्राम कठवा, कुल्हाड़ीघाट, सांकरा एवं मादागिरी में भी आयोजित किया जाएगा।



### 13 गांव के 67 प्रशिक्षार्थी शामिल

टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि ईको सेंटर कोयबा में आयोजित कौशल विकास प्रशिक्षण में कोयबा, नागेश, उदंती, देवझर अमली, बान्वापारा, बुढ़गेलटप्पा, इन्दागांव, डूमाघाट, धुर्वागुड़ी, फरफरा, पीपलखूंटा, धनोरा, जुगाड गांव के 67 प्रतिभागी शामिल हुए हैं। सभी प्रतिभागियों को टूल किट एवं टीर्शट का वितरण किया गया है। प्रत्येक प्रशिक्षण के दौरान 2 से 3 इच्छुक प्रतिभागी को उनकी स्वयं की दुकान संचालित करने के लिए संसाधन निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं और महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त होकर परिवार एवं समाज के विकास में योगदान दे सके।

### विभिन्न ट्रेड पर मिलेगा प्रशिक्षण और उपकरण



निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण अंतर्गत युवाओं को इलेक्ट्रिशियन, प्लम्बर एवं मोबाइल रिपेयरिंग से संबंधित तकनीकी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी तरह महिलाओं को ब्यूटी पार्लर एवं सौंदर्य संवर्धन से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा संचालित किया जा रहा है। प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीकों, उपकरणों के उपयोग तथा स्वरोजगार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जाएंगी। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद प्रत्येक सफल प्रतिभागी को संबंधित ट्रेड के अनुसार आवश्यक टूल किट प्रदान की जाएगी। साथ ही स्वरोजगार को बढ़ावा देने पात्र हितग्राहियों को व्यवसाय प्रारंभ करने आवश्यक मार्गदर्शन एवं सामाग्री सहयोग भी उपलब्ध कराया जाएगा। इससे प्रतिभागी स्वयं का रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

# अवैध उत्खनन में प्रयुक्त जेसीबी जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

खनिज विभाग ने शिकायत पर ग्राम सांकरा तहसील नगरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यहां किसी प्रकार का अवैध मुरूम उत्खनन कार्य संचालित नहीं पाया गया। वहीं ग्राम सांकरा के निकट ग्राम फरसियां में अवैध मुरूम उत्खनन में संलिप्त एक जेसीबी मशीन (टायर माउंटेड) को जब्त किया गया।

■ शिकायत पर खनिज विभाग ने की कार्रवाई

विभाग द्वारा जब्त मशीन के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के प्रावधानों के तहत अर्थदंड की कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि जिले में अवैध खनिज गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 1 अप्रैल 2026 से 15 जून 2026 तक कुल 181 प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 49 लाख 24 हजार 330 रुपये की राशि जमा कराई गई है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में खनिज विभाग द्वारा अवैध मुरूम उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए सतत निगरानी और कार्रवाई जारी है।

# मुजगहन में अवैध निर्माण पर चला प्रशासन का बुलडोजर



■ अतिक्रमण हटाने के दौरान अधिकारियों और स्थानीय लोगों के बीच हुई नोकझोंक

जिले में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। शुक्रवार को ग्राम मुजगहन में राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे किए गए अवैध निर्माण को हटाने के लिए राजस्व विभाग की टीम ने अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया गया। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा।

कार्रवाई का नेतृत्व अतिरिक्त तहसीलदार और नायब तहसीलदार ने किया। जैसे ही अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू हुई, कुछ लोगों ने इसका विरोध जताया। इस दौरान अधिकारियों और स्थानीय लोगों के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई लेकिन प्रशासन एवं पुलिस की समझाइश के बाद माहौल शांत हो गया।

राजस्व विभाग के अधिकारियों ने बताया कि संबंधित अतिक्रमणकारियों को पूर्व में नोटिस जारी कर निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए थे। निर्धारित समयावधि के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर प्रशासन को कार्रवाई करनी पड़ी।

धमतरी एसडीएम पीयूष तिवारी ने बताया कि ग्राम मुजगहन में दो परिवारों को पूर्व में मुआवजा प्रदान किया जा चुका था, लेकिन बाद में उन्होंने पुनः ⏩ शेष पेज 15 पर

# छज्जा गिरने से युवती की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पुराने मकान में तोड़फोड़ के दौरान अचानक छज्जा के गिर जाने से युवती चपेट में आ गई। इस घटना में युवती की मौत हो गई।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम सिलीडीह निवासी काजल देवांगन पिता कुलेश्वर उम्र 20 वर्ष के यहां नया मकान बनाने पुराने घर में तोड़फोड़ का काम चल रहा था। इस दौरान युवती ईंटों को साफ करने काम कर रही थी तभी पुराने मकान का छज्जा अचानक टूटकर युवती पर गिर गई। युवती को उपचार के लिए तत्काल मसीही अस्पताल लगाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

■ ग्राम सिलीडीह की घटना






**रिमाण्ड पर भेजे गए जेल, सटोरियों में मचा हड़कंप**

# आनलाइन क्रिकेट सट्टा नेटवर्क पर पुलिस का बड़ा प्रहार, दो आरोपी हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आईपीएल मैचों में आनलाइन सट्टा संचालन करने वाले गिरोह पर लगातार कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।

अवैध जुआ व आनलाइन सट्टा कारोबारियों पर पुलिस लगातार शिकंजा कस रही है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने एसपी के निर्देशन में सट्टा संचालन में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। सिटी कोतवाली में धारा 7-क छत्तीसगढ़ जुआ-प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत दर्ज मामले की विवेचना के दौरान



आनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालन में तुषार यादव उर्फ सुजल उम्र 22 वर्ष रिसाईपारा निवासी की संलिप्तता पाई गई। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी तुषार यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इसी प्रकरण में पूर्व में शंकर मंगलानी बनियापारा निवासी एवं मनमोहन पटेल उर्फ छोटू शिव मंदिर चौक बनियापारा निवासी को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं दूसरा प्रकरण धारा 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 एवं 3-5 बीएनएस के तहत दर्ज मामले की विवेचना के दौरान गिरफ्तार आरोपी आयुष वाधवानी से प्राप्त जानकारी, तकनीकी साक्ष्य एवं जांच के आधार पर अमित नेभानी पिता किशोर उम्र 46 वर्ष घासीदास वार्ड तेलीबांधा रविग्राम रायपुर निवासी की भूमिका सामने आई। पुलिस ने आरोपी अमित नेभानी को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।

### विभिन्न आनलाइन प्लेटफार्म से जुड़े थे आरोपी

जांच में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी विभिन्न आनलाइन प्लेटफार्म एवं एक्सचेंज वेबसाइट के माध्यम से आईपीएल एवं अन्य क्रिकेट मैचों में हार-जीत का दांव लगवाकर अवैध आनलाइन सट्टा संचालन में संलिप्त थे। प्रकरणों में जुड़े अन्य व्यक्तियों एवं नेटवर्क की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा है कि गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ आगे भी कठोर एवं निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### वरुणदेव भाजपा मंडल कुकरेल के मीडिया प्रभारी बने

**नगरी।** भाजपा मंडल कुकरेल के मीडिया प्रभारी के रूप में वरूण देव नेताम की नियुक्ति की हैं। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं



एवं समर्थकों में उत्साह है। श्री नेताम के मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर मंडल प्रभारी विकल गुप्ता, जनपद पंचायत नगरी अध्यक्ष महेश गोटा, मंडल अध्यक्ष संजय मरकाम, जिला पंचायत सभापति अजय ध्रुव, महामंत्री टिकेश्वर साहू, वासु गंजारी, सुरेंद्रराज ध्रुव, श्यामाचरण मंडावी, वनलाल साहू, भोज सोनवानी, बूथ अध्यक्ष आशाराम ओटी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है।

### सोनवानी कालेज जीजामगांव में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

**जीजामगांव।** स्थानीय दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में सत्र 2026-27 के लिए 1 जून से स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में आनलाइन प्रवेश आवेदन प्रारंभ हो चुका है। महाविद्यालय में संचालित स्नातक प्रथम सेमेस्टर पाठ्यक्रम बीए भूगोल, अर्थशास्त्र, राजनीति, हिन्दी साहित्य, समाजशास्त्र, बीकाम, बीएससी (बायो) प्राणीशास्त्र, वनस्पति शास्त्र, रसायनशास्त्र, बीएससी (गणित) रसायन शास्त्र, भौतिकी गणित, डीसीए एवं बीसीए सभी अनिवार्य विषय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, भूगोल, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान एवं पीजीडीसीए आदि पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक छात्र पं. रविशंकर विवि के आनलाईन पोर्टल में जाकर आनलाइन प्रवेश हेतु फार्म भर सकते हैं। यह जानकारी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सीआर यदु ने दी।

## निधन

### श्रीमती मोहनी देवांगन

**धमतरी।** ग्राम अछोटा निवासी श्रीमती मोहनी देवांगन पति स्व. साधूराम देवांगन उम्र 84 वर्ष का



निधन हो गया। शुक्रवार को उनकी अंतिम यात्रा अछोटा स्थित महानदी के लिए निकली, जहां अंतिम संस्कार किया गया। श्रीमती देवांगन अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। वह सिंचाई विभाग के सेनि एसडीओ लखनलाल देवांगन, रेवाराम देवांगन की मां तथा अखिलेश, त्रिलोक, डेमन देवांगन की दादी थीं।

### जयश्री अहिरकर

**मगरलोड।** ग्राम बिरगुड़ी निवासी सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापिका सुश्री जयश्री अहिरकर का 65 वर्ष की



आयु में 11 जून गुरुवार को निधन हो गया। वे शि वा जी , पुरुषोत्तम और द्रौपदी अहिरकर की बहन थीं। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में सामाजिकजन और ग्रामवासी शामिल हुए।

# आदर्श ग्राम डोमा के प्रदीप बने सर्पदंश पीड़ितों के लिए जीवनदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

आदर्श ग्राम डोमा के प्रदीप कुमार साहू अपने समाजसेवी कार्यों और सर्पदंश पीड़ितों के निशुल्क उपचार के कारण क्षेत्र में विशेष पहचान बना चुके हैं। प्रदीप द्वारा आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों की जानकारी के आधार पर सर्पदंश से पीड़ित लोगों की सहायता की जाती है। उनके अनुसार अब तक उन्होंने गांव तथा आसपास के क्षेत्रों के कई सर्पदंश पीड़ितों का निःशुल्क उपचार कर उनकी जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गांव के लोगों का कहना है कि प्रदीप साहू जरूरत पड़ने पर स्वयं अपने खर्च पर पीड़ितों तक पहुंचकर सहायता करते हैं।



## निःशुल्क आयुर्वेदिक उपचार, रक्तदान और पर्यावरण संरक्षण से समाज सेवा की मिसाल

### पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय



सर्पदंश उपचार के साथ-साथ प्रदीप साहू पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय हैं। 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उन्होंने गांव के युवाओं के सहयोग से पर्यावरण सम्मेलन एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कराया, जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक और ग्रामवासी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने गांव के प्रत्येक घर के लिए फूल लगे 501 गमले दान किए तथा ग्रामवासियों के सहयोग से फलदार पौधों के संरक्षण के लिए 200 फीट तार जाली, 31 ट्री गार्ड और 200 सीमेंट पोल की व्यवस्था की गई।

प्रदीप कुमार साहू बताते हैं कि सर्पदंश होने पर घबराने के बजाय संयम रखना चाहिए और पीड़ित को तत्काल अस्पताल पहुंचाना चाहिए। वे लोगों को एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन लगवाने की सलाह भी देते हैं। उनके अनुसार जो लोग उनके पास पहुंचते हैं, उन्हें वे आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से तैयार घोल निःशुल्क उपलब्ध कराते हैं।

इसके अलावा वे शिक्षा के क्षेत्र में भी सहयोग करते हुए विद्यार्थियों को पुस्तक, कॉपी, पेन और गणवेश उपलब्ध कराते हैं। वे अब तक 14 बार रक्तदान भी कर चुके हैं। समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत बनी हुई है।

### करैहा में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री के 12 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां बताई गई

# आज भारत ने विश्व पटल पर विकसित राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री के 12 वर्षों के ऐतिहासिक एवं जनकल्याणकारी कार्यकाल को समर्पित 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम का आयोजन ग्राम करैहा में हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर सांसद भोजराम नाग रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप, मंडल प्रभारी विकल गुप्ता, जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष महेश गोटा, जिला पंचायत सभापति अजय ध्रुव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



वक्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनके नेतृत्व में भारत ने विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत अभियान, किसान सम्मान निधि, नए भारत के निर्माण, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति तथा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण जैसे ऐतिहासिक कार्यों ने देश को नई दिशा प्रदान की है।

वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व पटल पर एक सशक्त, आत्मविश्वासी और विकसित राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। गरीब, किसान, महिला, युवा और जनजातीय समाज के उत्थान के लिए केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। यही कारण है कि देश की जनता का विश्वास लगातार प्रधानमंत्री मोदीजी के नेतृत्व पर बढ़ता जा रहा है।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी सामाजिक संगठनों एवं समाज प्रमुखों ने प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु अपना समर्थन

### अनन्या ने रिश्तों को लेकर समाज की सोच पर प्रस्तुत किया शोध

# कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में गूंजी कुरूद की बेटी का आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरूद की बेटी अनन्या मगर ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने शोध के जरिए रिश्तों और सामाजिक



मान्यताओं को लेकर नई चर्चा शुरू की है। ब्रिटेन की प्रतिष्ठित कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में आयोजित 7वें इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रिसर्च इन साइकोलॉजी में उन्होंने भारतीय समाज में रिश्तों की सोच पर आधारित अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। उनके शोध को सराहना मिली और प्रमाण-पत्र के साथ प्रकाशन का अवसर भी मिला। उनका शोध विषय यू आर द वन फॉर मी अमाटोनॉर्मेटिविटी एटीट्यूड इन इंडियन कॉन्टेक्स्ट रहा। इसमें अनन्या ने इस बात का अध्ययन किया कि समाज में क्यों कई बार विवाह या रोमांटिक संबंधों को जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि मान लिया जाता है। उन्होंने यह समझने का प्रयास किया कि दोस्ती, परिवार और व्यक्तिगत संतुष्टि जैसे पहलू व्यक्ति के जीवन में किस तरह महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### भारतीय समाज के नजरिए पर केंद्रित अध्ययन

मनोविज्ञान में अमाटोनॉर्मेटिविटी उस सामाजिक सोच को दर्शाता है, जिसमें यह मान लिया जाता है कि हर व्यक्ति के जीवन में रोमांटिक पार्टनर होना जरूरी है। अनन्या के शोध ने भारतीय संदर्भ में इस धारणा, सामाजिक अपेक्षाओं और रिश्तों की प्राथमिकताओं को नए नजरिए से देखने का प्रयास किया है। यह अध्ययन समाज और मानव व्यवहार के बीच संबंधों पर महत्वपूर्ण चर्चा को आगे बढ़ाता है।

### कुरूद से अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंची प्रतिभा

कुरूद निवासी गोविंद मगर और वनिता मगर की बेटी अनन्या की उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। छोटे शहर से निकलकर वैश्विक मंच पर सामाजिक सोच और मनोविज्ञान जैसे विषय पर शोध प्रस्तुत करना उनकी मेहनत और प्रतिभा को दर्शाता है। अनन्या की सफलता ने यह संदेश दिया है कि नए विचार और महत्वपूर्ण शोध किसी भी स्थान से सामने आ सकते हैं।

# कलेक्टर दर पर मानदेय देने की मांग

- ग्राम पंचायत ऑपरेटर संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

ग्राम पंचायत ऑपरेटर संघ ने अपनी प्रमुख मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत के कंप्यूटर ऑपरेटर अलग-अलग मानदेय के हिसाब से काम कर रहे हैं और बिना कोई ठोस कारण से ऑपरेटर को निकाल दिया जाता है। ऑपरेटरों का कहना है कि हमें एक सम्मानजनक एवं उच्च कुशल श्रेणी अंतर्गत कलेक्टर दर पर मानदेय दिया जाए और पद को स्थाई किया जाए।



मौके पर जिला संरक्षक गिरधर कुमार पटेल, जिला अध्यक्ष भोलेश्वर प्रसाद, उपाध्यक्ष टेकराम साहू, जिला सचिव नरेंद्र कुमार साहू, सहसचिव केजूराम साहू, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार निर्मलकर, कौशल कुमार साहू, सलाहकार आसराम सिन्हा, पुरुषोत्तम बघेल, यशवंत धनकर, मिथिलेश साहू, डिकेश साहू, तिजेंद्र साहू, पोखराज साहू, लेखराम देवांगन, तोरणलाल साहू, कौशल कुमार, कृष्णा साहू, संगीता साहू, सरिता साहू, बबीता साहू, पार्वती साहू, सोनिया चक्रधारी उपस्थित थे।

### धीवर समाज का योग शिविर 21 को

**धमतरी।** 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर धीवर समाज द्वारा शीतला माता मंदिर महिमा सागर वार्ड में प्रातः 6.30 बजे से योग शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में योग प्रशिक्षक कोमल सार्वा द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा एवं योग से फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। धीवर समाज के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान, संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल, अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, सचिव सोहनलाल धीवर ने लोगों से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त होगी जारी

# आज जिले में मनाया जाएगा 'पीएम-किसान उत्सव दिवस'

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना अंतर्गत किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज 20 जून को पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के तारकेश्वर से योजना की 23वीं किस्त जारी की जाएगी। यह किस्त अप्रैल से जुलाई 2026 की अवधि के लिए पात्र किसानों के खातों में अंतरित की जाएगी। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार इस अवसर पर 20 जून को पूरे देश में पीएम-किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया




जाएगा। इसके तहत राज्य, जिला, विकासखण्ड एवं ग्राम स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा किसानों को लाइव वेबकास्ट के माध्यम से मुख्य कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा। जिला मुख्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र, विकासखण्ड मुख्यालयों, ग्राम पंचायतों, कृषि मंडियों तथा अन्य उपयुक्त स्थलों पर किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा तथा किसानों को केंद्र सरकार की विभिन्न कृषि हितैषी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अधिक से अधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए उन्हें लाइव वेबकास्ट से जोड़ा जाए, ताकि किसान योजना के लाभ एवं सरकार की कृषि संबंधी पहलों की जानकारी सीधे प्राप्त कर सकें।

# नाई सेन समाज की बैठक में एकजुटता और समन्वय पर जोर





- प्रदेश अध्यक्ष ने सभी सुझावों पर विचार कर उन्हें अमल में लाने का भरोसा दिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

छत्तीसगढ़ प्रांत नाई सेन समाज के बैनर तले रायपुर के वृंदावन हॉल में प्रदेश के विभिन्न पार फिरका के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक का उद्देश्य सामाजिक समन्वय स्थापित करना, सर्वमान्य नियमावली तैयार करना तथा आगामी निर्वाचन की रूपरेखा पर विचार-विमर्श करना था। कार्यक्रम की शुरुआत संत शिरोमणि नंदा सेन महाराज की पूजा-अर्चना से हुई।

प्रांत सचिव भुवनलाल कौशिक ने बैठक के प्रमुख एजेंडों की जानकारी देते हुए विभिन्न पार फिरका के प्रमुखों से सुझाव आमंत्रित किए। बैठक में चंदापारी, झेरिया, ड्योढी देशहा, सेरेठा, देशहा श्रीवास, कन्नौजे एवं उमरे सेन समाज सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। सभी ने छग प्रांत नाई सेन समाज द्वारा सामाजिक एकता और समन्वय के लिए किए जा रहे प्रयासों का स्वागत किया। पदाधिकारियों ने सुझाव दिया कि पार फिरका की परंपरागत पहचान और अस्तित्व को बनाए रखते हुए सर्व सेन समाज को मजबूत किया जाए। वक्ताओं ने समाज को गुटों में बांटने के बजाय एक मंच पर लाने और सामाजिक विकास के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया। प्रदेश अध्यक्ष पुनीतराम सेन ने सभी सुझावों पर गंभीरता से विचार कर उन्हें अमल में लाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि समाज की ताकत उसकी एकजुटता में है और सभी पार फिरका को साथ लेकर समाज के विकास के लिए कार्य किया जाएगा।

# नवप्रवेशी बच्चों का हुआ तिलक, वंदन से स्वागत

- कुर्रा स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुर्रा में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में कक्षा 1वीं से 12वीं के प्रवेश लेने वाले नन्हे-मुन्ने बच्चों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष अमन राव शामिल हुए। परमेश्वर साहू, प्रभुराम साहू, हिम्मत साहू, गोपाल साहू, प्राचार्य बीआर साहू उपस्थित थे।



अमन राव ने बच्चों को कॉपी-किताब और पेंसिल सेट भेंट किए। इस अवसर पर

श्री राव ने पालकों से कहा कि बच्चों को रोज स्कूल भेजें। सरकार की योजनाएं और मिड-डे मील का लाभ दिलाकर कुर्रा को 100 प्रतिशत साक्षर गांव बनाएंगे। शिक्षकों ने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और शाला में उपस्थिति बढ़ाने को कहा।

प्राचार्य बीआर साहू ने बताया कि इस साल विद्यालय में लगभग 50 नए बच्चे प्रवेश ले चुके हैं। मौके पर चैतूराम देवांगन, गोदावरी साहू, ललिता साहू, के. बनपेला, मिथलेश सिन्हा, मुकेश साहू, नीतू साहू, चम्पी साहू, चन्द्रिका देवांगन, हिना, त्रिवेणी साहू उपस्थित थे।

### भाजपाइयों ने बोड़रा, भोथली, भैंसासांकरा एवं हिन्छापुर में किया जनसंपर्क

# मोदी के नेतृत्व में सशक्त भारत का निर्माण : बैस

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन, विकास एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने नगरी मंडल के ग्राम बोड़रा, भोथली, भैंसासांकरा एवं हिन्छापुर का दौरा किया।

ग्राम बोड़रा पहुंचकर उन्होंने शीतला माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर अभियान की शुरुआत की। इसके पश्चात ग्राम के सरपंच, पुजारी,



प्रबुद्धजन एवं वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात कर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों पर चर्चा की।

जिला अध्यक्ष श्री बैस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, उसे पूरा करने में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि बीते 12 वर्षों में देश के बड़े शहरों के साथ-साथ गांवों का भी अभूतपूर्व विकास हुआ है। जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहन पुजारी, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, जनपद सभापति राजेश नाथ गोसाई, मंडल महामंत्री सुलोचना साहू, पार्षद राजा पवार, श्यामंत बिसेन, मंत्री कमलेश साहू ने ग्राम रामनगर हिन्छापुर पहुंचकर शहीद आदित्य साहू के परिवार से आत्मीय मुलाकात की। नेताओं ने शहीद के सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए कहा कि राष्ट्र की रक्षा के लिए दिया गया उनका योगदान सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़



समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### राहुल के जन्मदिवस पर कांग्रेसियों ने मरीजों को फल बांटे

**अंवरी।** लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भखारा में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि राहुल गांधी के जन्मदिवस को सेवा, समर्पण और जनकल्याण के रूप में मनाया जा रहा है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा के अध्यक्ष होमेन्द्र साहू ने बताया कि राहुल गांधी के स्वस्थ, दीर्घायु एवं जनसेवा से परिपूर्ण जीवन की कामना करते हुए समाज सेवा के कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया गया। मौके पर ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्यक लेखराम साहू, नेता प्रतिपक्ष अविनाश गौर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद साहू, मेघराज साहू, जिला महामंत्री डोमार साहू, प्रभारी महामंत्री लेखराम यादव, मनोज साहू, ब्लॉक पदाधिकारी गण समीर गौर, मुकेश साहू, सुलोचनी साहू, मंडल अध्यक्ष संतोषी निषाद, गैन्दलाल साहू, एवन साहू, सौरभ पाल, आदित्य बघेल, लोकेन्द्र साहू, भूपेश पटेल, सोनू तारक मौजूद थे।

### हरियाली बढ़ाने आठ सौ सीड बॉल जंगल में डाले

**भानुप्रतापपुर।** विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम मुल्ला में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि वीरेंद्र ठाकुर ने ग्रामीणों और विद्यार्थियों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया तथा जंगलों में सीड बॉल फेंककर हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। अभियान के तहत लगभग 800 सीड बॉल जंगलों में डाले गए। कार्यक्रम में सरपंच मंडावी, विद्यालय के प्राचार्य भगवान सिंह कोमारे, व्याख्याता टीपी साहू, एनएस जात्रे, प्रधान अध्यापिका श्रीवास्तव सहित शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### 15 हजार रुपए से अधिक की शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**कांकेर।** चारामा थाना एवं दुधावा चौकी पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चारामा के नयापारा निवासी 31 वर्षीय राजेश सोनकर के कब्जे से 30 नग शोले देशी मदिरा, 24 नग सुप्रेमो व्हिस्की तथा 600 रुपये नगद सहित कुल 5,520 रुपए की शराब जब्त की गई, वहीं दुधावा चौकी पुलिस ने धनोरा निवासी सुनील राय (45) के पास से विभिन्न ब्रांड की 57 नग शराब, जिसकी कीमत 10,260 रुपये है, बरामद की। दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मुजगहन में अवैध निर्माण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

सरकारी भूमि पर निर्माण कर लिया। शिकायत मिलने के बाद जांच कर राजस्व विभाग की टीम को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने बताया कि ग्राम तेलीनसत्ती में भी अतिक्रमण संबंधी प्रकरणों में नोटिस जारी किए जा चुके हैं। वहां शुक्रवार को कार्रवाई प्रस्तावित थी, लेकिन जेसीबी उपलब्ध नहीं होने के कारण इसे फिलहाल एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया है। निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद वहां भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

# सिद्धाश्रम कठौली में गूंज रहीं लोक संस्कृति की स्वर लहरियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

जोगी बाबा सिद्धाश्रम परिसर कठौली (नारी) में पांच दिवसीय नाचा-गम्मत प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला 21 जून तक जारी रहेगी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौकरण सिंह साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी थे। अध्यक्षता खेमराज साहू सरपंच ने की। प्रशांत सोनवानी अध्यक्ष अनुराग साहित्य एवं कला संस्था कठौली ने अतिथि द्वय का पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान किया ।

मुख्य अतिथि श्री साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिसके जीवन में गीत की मधुरता और संगीत की साधना होती है, वहां संवेदनाएं जीवित रहती हैं, संस्कार पुष्पित होते हैं और संस्कृति निरंतर प्रवाहित होती है। संगीत केवल कानों का विषय नहीं, बल्कि आत्मा का उत्सव है। छत्तीसगढ़ की लोककलाएं हमारी सांस्कृतिक पहचान का आधार है। नाचा–गम्मत जैसी विधाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाएं आवश्यक हैं। उन्होंने

**नई पीढ़ी को लोककला से जोड़ने नाचा-गम्मत कार्यशाला**




कहा कि जब युवा पीढ़ी अपनी लोकसंस्कृति से जुड़ती है, तब समाज अपनी जड़ों से जुड़ा रहता है और सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित रहती है।

खेमराज साहू ने कहा कि ग्राम कठौली में इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन होने से क्षेत्र की प्रतिभाओं को नई दिशा एवं अवसर प्राप्त होंगे। कार्यशाला में प्रतिभागियों को नाचा-गम्मत की परंपरा, अभिनय, संवाद शैली, हास्य-व्यंग्य, लोकगीत, लोकनृत्य, मंच संचालन, वेशभूषा तथा प्रस्तुति के व्यावहारिक पक्षों का प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया जाएगा। अतिथियों ने छत्तीसगढ़ की लोकनाट्य परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने तथा नई पीढ़ी को इससे जोड़ने का आह्वान किया। आयोजन स्थल पर कलाकारों, प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों में उत्साह का वातावरण देखने को मिला। आयोजन समिति ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यशाला छत्तीसगढ़ की समृद्ध नाचा-गम्मत परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगी।

## सिवनीकला में दर्दनाक हादसा, परिजनों एवं ग्रामीणों में आक्रोश

# ग्रेडर मशीन की चपेट में आने से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



लोक निर्माण विभाग द्वारा गोबरा-चिंवरी-सिर्री के बीच 9.30 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य किया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य के दौरान ग्रेडर मशीन के चक्के में दबने से 52 वर्षीय महिला की दर्दनाक मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम करीब 5 बजे ग्राम सिवनीकला निवासी देवकी बाई साहू (52) अपने घर के सामने काम कर रही थीं। इसी दौरान सड़क निर्माण में लगी ग्रेडर मशीन के चालक ने लापरवाही और तेज



रफ्तार से वाहन को पीछे कर दिया। महिला मशीन के भारी चक्के के नीचे दब गईं और उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि चालक कान में इयरफोन लगाकर गाड़ी ऑपरेट कर रहा था। घटना के वक्त जब आसपास के लोग चिल्लाए तब भी इयरफोन लगे होने के कारण चालक को कुछ सुनाई नहीं दिया और उसने गाड़ी नहीं रोकी। हादसे के तुरंत बाद चालक मौके से फरार हो गया। लहूलुहान हालत में ग्रामीणों ने तत्काल महिला को एक निजी वाहन से सिविल अस्पताल कुरूद पहुंचाया लेकिन वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों द्वारा घटना की सूचना पुलिस थाना में दर्ज कराई गई।

निर्माण कार्य शिरोमणि माथुर कंस्ट्रक्शन दल्लीराजहरा द्वारा किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ठेका कंपनी द्वारा निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है और सुरक्षा मानकों को पूरी तरह ताक पर रख दिया गया है। आबादी वाले क्षेत्र में बिना किसी सुरक्षा गार्ड या संकेतक के भारी मशीनें चलाई जा रही हैं। इस दर्दनाक हादसे के बाद मृतक के परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

परिजनों और ग्रामीणों ने मांग रखी है कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने से पहले ठेकेदार फरार चालक के साथ थाने में स्वयं आत्मसमर्पण करने पहुंचे और पीड़ित परिवार को तुरंत उचित मुआवजा राशि प्रदान की जाए। परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि यदि ठेकेदार और प्रशासन द्वारा उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की गईं तो वे शव का अंतिम संस्कार न करते हुए उग्र आंदोलन और चक्काजाम करेंगे। फिलहाल गांव में तनाव और आक्रोश का माहौल है।

# शहर को अतिशीघ्र मिलेगा आधुनिक ऑडिटोरियम

- जिला प्रशासन के निरीक्षण के बाद निर्माण कार्य में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहरवासियों का लंबे समय से इंतजार अब जल्द समाप्त होने की उम्मीद है। धमतरी में निर्माणाधीन आधुनिक ऑडिटोरियम परियोजना को पूरा करने की दिशा में कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में जिला प्रशासन द्वारा निर्माण स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों और एजेंसियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

महापौर रामू रोहरा ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में बन रहा यह ऑडिटोरियम कला, संस्कृति, साहित्य और सामाजिक गतिविधियों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। भवन का मुख्य निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और अब अंदरूनी साज-सज्जा तथा तकनीकी सुविधाओं से जुड़े कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा


फाइल फोटो

रहा है। वर्तमान में सीटिंग व्यवस्था, ध्वनि प्रणाली, प्रकाश व्यवस्था, फॉल सीलिंग, वातानुकूलन और अन्य आवश्यक सुविधाओं का कार्य प्रगति पर है।

परियोजना को बेहतर स्वरूप देने के लिए शासन द्वारा अतिरिक्त बजट भी उपलब्ध कराया गया है। इसके बाद इंटीरियर और आधुनिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों को गति मिली है। अधिकारियों के अनुसार ऑडिटोरियम को ऐसा स्वरूप दिया जा रहा है, जिससे यहां बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाट्य प्रस्तुतियां, संगोष्ठियां, शैक्षणिक आयोजन और विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आसानी से आयोजित किए जा सकें।

शहर के कलाकारों, साहित्यकारों और सांस्कृतिक संस्थाओं में भी इस परियोजना को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। उनका मानना है कि ऑडिटोरियम शुरू होने के बाद स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलेगा और धमतरी में बड़े स्तर के कार्यक्रमों के आयोजन का रास्ता खुलेगा।

प्रशासन ने निर्माण कार्य की नियमित समीक्षा शुरू कर दी है और संबंधित एजेंसियों को गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। यदि कार्य निर्धारित योजना के अनुसार आगे बढ़ता रहा तो सितंबर तक शहरवासियों को एक आधुनिक और सुविधायुक्त ऑडिटोरियम की सौगात मिल सकती है। इसके पूरा होने से धमतरी की सांस्कृतिक पहचान को नई मजबूती मिलने के साथ-साथ विभिन्न आयोजनों के लिए बेहतर आधारभूत सुविधा भी उपलब्ध होगी।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कांग्रेसियों ने किया स्वागत



- संगठनात्मक गतिविधियों पर कार्यकर्ताओं से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव एवं छग के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कांकेर प्रवास के दौरान कुरूद आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। ट्रैक्टर शोरूम परिसर में बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने लंबे इंतजार के बाद फूलमालाओं और जयघोष के साथ उनका अभिनंदन किया।

पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों, क्षेत्र की समस्याओं और समसामयिक विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जमीनी स्तर पर जनता के बीच सक्रिय रहने और संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस दौरान किसानों, युवाओं और जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ।

कार्यक्रम स्थल पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मौके पर भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी, धमतरी विधायक ओंकार साहू, जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, पीसीसी सचिव आनंद पवार, राजकुमारी दीवान, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महिम शुक्ला, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आशीष शर्मा, लकेश्वर साहू, कामराय साहू, जानसिंह यादव, पार्षद अर्जुन ध्रुव, रवि शर्मा, उपाध्यक्ष लेखराम साहू, गुरुदेव महिपाल, चंद्रप्रकाश देवांगन, पंकज जोशी, रोशन चंद्राकर, पप्पू राजपूत, योगेश साहू, होमेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सीतानदी रपटा मरम्मत

## बोराई-सिहावा मार्ग पर भारी वाहनों का डायवर्जन 5 जुलाई तक



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी विकास खंड के अंतिम छोर पर सिहावा-बोरई राज्य मार्ग क्रमांक-23 पर सिहावा से लगभग 16 किलोमीटर दूर बोराई की ओर स्थित सीतानदी पर निर्मित रपटा क्षतिग्रस्त हो गया है। आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए लोक निर्माण विभाग द्वारा रपटा की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य प्रारंभ किया गया है, ताकि आवागमन सुचारु एवं सुरक्षित बना रहे।

मरम्मत कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाए रखने के लिए इस मार्ग से गुजरने वाले भारी मालवाहक वाहनों, ट्रेलर एवं मल्टी एक्सल वाहनों का आवागमन अस्थायी रूप से अन्य मार्ग पर परिवर्तित किया गया है।

ओडिशा एवं बोराई की ओर से धमतरी तथा धमतरी से नगरी, बोराई एवं ओडिशा की ओर जाने वाले भारी वाहनों को 5 जुलाई तक बोराई-कौंदकेरा-मछली-कोट्टलभट्टी-साल्हेटोला-टांगापानी-गट्टासिल्ली-केरेगांव-धमतरी मार्ग से संचालित किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग ने वाहन चालकों एवं परिवहन संचालकों से अपील की है कि वे निर्धारित वैकल्पिक मार्ग का उपयोग कर प्रशासन का सहयोग करें तथा यातायात संबंधी निर्देशों का पालन करें।

# शासकीय जमीन पर अतिक्रमण एवं अवैध पट्टा जारी करने की शिकायत

- मामला ग्राम सिरौद खुर्द का, पट्टा निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कुकरेल तहसील के ग्राम सिरौदखुर्द में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण तथा अवैध पट्टा वितरण की शिकायत की गई है। सिरौदखुर्द के पंच कामिनबाई, पदमाबाई, राजकुमार ध्रुव तथा ग्राम विकास समिति के विनोद यादव, उकेश, धर्मेंद्रकुमार, महेंद्र कुमार ने कलेक्टर के नाम शिकायत आवेदन में कहा है कि सिरौदखुर्द पहनं 3 खसरा 159 शासन की घासभूमि थी। वर्ष 2012 में तत्कालीन तहसीलदार के कार्यकाल में अवैध पट्टा बनाकर राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज कराया गया है। भूमि रिक्लेमेशन के माध्यम से प्राप्त दर्शायी गई इस जमीन को बेचने का प्रयास किया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि उक्त जमीन को सन 1981-82 में चार लोगों के नाम से आवंटन किया गया था, लेकिन अभिलेख में शासकीय जमीन दर्ज होने एवं संशोधन नहीं होने का फायदा उदाकर नए लोगों के नाम से जमीन का पट्टा बनाया गया है जो संदेहास्पद है। ग्रामवासियों ने कहा है कि उक्त शासकीय भूमि को वर्तमान कब्जाधारियों से मुक्त कराकर पट्टा को निरस्त करने तथा शासकीय मद में दर्ज करने की मांग की है।

## महेश नवमी पर प्रभातफेरी, नेत्र जांच शिविर और प्रतिभा सम्मान का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

माहेश्वरी समाज, माहेश्वरी महिला मंडल एवं माहेश्वरी युवा संगठन धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव का आयोजन 23 जून को श्री खाटू श्याम मंदिर इंडस्ट्रियल एरिया गुजराती कॉलोनी में किया जाएगा। महोत्सव की शुरुआत सुबह 6:30 बजे दुर्गा मंदिर पावर हाउस से प्रभातफेरी के साथ होगी, जो श्री श्रीराम खाटू श्याम मंदिर तक पहुंचेगी। इसके बाद सुबह 8 बजे पूजा-अर्चना एवं ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सुबह 9 बजे खालसा नर्सिंग होम के डॉ. जगविंदर सिंह खालसा एवं डॉ. आशीष खालसा के मार्गदर्शन में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया जाएगा। सुबह 10:30 बजे डॉ. आशीष खालसा द्वारा मधुमेह और आंखें विषय पर विशेष व्याख्यान दिया जाएगा। दोपहर 12 बजे आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों सहित सीए, डॉक्टर एवं इंजीनियर युवाओं का सम्मान किया जाएगा। महोत्सव के पूर्व दिवस 22 जून को माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा जिला चिकित्सालय धमतरी में मरीजों एवं परिजनों के लिए शरबत एवं मठ वितरण किया जाएगा। इसके पश्चात निःशुल्क हाउजी एवं एक मिनट गेम का आयोजन भी होगा। माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष राजेन्द्र माहेश्वरी एवं सचिव डॉ. श्रीकांत जाजू ने समाजजनों से उपस्थिति की अपील की है।

## शहादत दिवस पर राहगीरों को बांटा शरबत और चना

**धमतरी।** सिख समाज ने पांचवें सिख गुरु अर्जन देव जी के शहादत दिवस पर सेवा, समर्पण और मानवता का संदेश देते हुए विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। पुराना बस स्टैंड परिसर में लगाए गए सेवा शिविर में आम नागरिकों, यात्रियों और राहगीरों को ठंडा गुलाबी शरबत तथा चने का प्रसाद वितरित किया गया। भीषण गर्मी के मौसम में इस सेवा कार्य से लोगों को काफी राहत मिली और बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर गुरु साहिब को श्रद्धापूर्वक नमन किया। समाजजनों ने गुरु अर्जन देव जी के जीवन और बलिदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने मानवता, सत्य और धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन साहस, धैर्य और सेवा की मिसाल है।

## एमएएस संकुल मीटिंग में एचपीवी वैक्सीन की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मकेश्वर वार्ड में एमएएस संकुल स्तरीय बैठक हुई। बैठक में किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण पर चर्चा की गई। स्वास्थ्य विभाग की मितानिनों द्वारा नियमित टीकाकरण के महत्व के साथ-साथ 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए एचपीवी वैक्सीन की जानकारी दी गई। बताया गया कि यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सबसे कारगर उपाय है और पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध है। बैठक में गर्मी के मौसम में फैलने वाली उल्टी-दस्त की समस्या से बचाव के उपायों पर भी चर्चा हुई।

सदस्यों को ओआरएस घोल बनाने की सही विधि एवं स्वच्छ पेयजल के उपयोग हेतु जागरूक किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्रीमती आशा लोधी ने एमएएस संकुल की दीदियों एवं समूह सदस्यों से सीधे संवाद कर नाली, पानी, राशन एवं बैंक लिंकेज से संबंधित समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण किया जाएगा।

## सशिमं चटौद में प्रवेश उत्सव मनाया गया

**जीजामगांव।** सरस्वती शिशु मंदिर चटौद में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि खेमचंद साहू सरपंच चटौद, विशेष अतिथि दुर्जनराम सोनगेर पूर्व संयोजक थे। अध्यक्षता राजेश राम साहू संयोजक ने की। अन्य अतिथि पेशन लाल साहू, मोनेश साहू उपसरपंच, बिसेलाल साहू, गुलापराम साहू, जगनू राम, एकांत साहू, भोजूराम साहू समिति सदस्य प्रधानाचार्य डिमेन्द्र पटेल, पूर्व प्रधानाचार्य राम गोपाल साहू, वरिष्ठ आचार्य जामवंत साहू थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खेमचंद ने छात्रों से कहा कि ज्ञान से विनय आता है। आप सभी खूब मन लगाकर पढ़ाई करें। इस दौरान छात्रों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। बच्चों का मुंह मीठा कर तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

## तिलक लगाकर किया छात्रों का स्वागत

**आमदी(धमतरी)।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमदी में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नवीन छात्र छात्राओं एवं पूर्व से अध्ययनरत छात्रों का प्रवेश द्वार पर ही आचार्य दीदियों द्वारा तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे तेजराम साहू ने छात्र-छात्राओं को उत्साह एवं उमंग के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### आज विंध्यवासिनी वार्ड में लगेगा शिविर

**धमतरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के विषय पर विशेष जनकल्याणकारी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को केन्द्र सरकार की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना है। यह शिविर 20 जून को प्रातः 10 बजे से बिलाईमाता मंदिर के पीछे स्थित सामुदायिक भवन विंध्यवासिनी वार्ड धमतरी में आयोजित होगा।

### अमोडा में रक्तदान शिविर

**कांकेर।** समाज सेवा और जनकल्याण के उद्देश्य से शनिवार 20 जून को एक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित है। यह शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमोडा में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। आयोजकों ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि हर वर्ष सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत इसका आयोजन किया जाता है, ताकि अस्पतालों में रक्त की कमी न हो और लोगों में जागरूकता बढ़े। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की विशेषज्ञ टीम द्वारा सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया जाएगा।

### किशोरी ने जहर खाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** छोटेबेठिया थानांतर्गत सिमरका निवासी 17 वर्षीय रेशमा बासू पद्दा पिता बासू पद्दा ने जहर खा लिया, जिसके कारण उसकी 16 जून को मौत हो गई। सीएचसी पखांजुर से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका ने जहर खाई थी। इलाज के लिए उसके परिजन अस्पताल में लाए थे। अचानक स्वास्थ्य बिगड़ जाने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### चाकू लहराता युवक गिरफ्तार, आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई

कांकेर। थाना भानुप्रतापपुर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर धारदार चाकू लहराकर लोगों को धमकाने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 19 जून को मुखबिर से पता चला कि बिरयानी सेंटर के सामने स्थित साप्ताहिक बाजार चौक भानुप्रतापपुर में एक युवक हाथ में धारदार चाकू लेकर लोगों को मारने-पीटने की धमकी दे रहा है, जिससे आसपास मौजूद लोगों में भय का माहौल व्याप्त हो गया था। जानकारी मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक स्टील का धारदार चाकू बरामद किया गया, जिसकी कुल लंबाई लगभग डेढ़ फीट बताई गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बाजारपारा वार्ड क्रमांक 2 भानुप्रतापपुर निवासी 25 सादाब उर्फ सद्दू पिता अब्दुल रसीद खान के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 25 एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर हथियार लेकर लोगों को भयभीत करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### प्राचार्य बनकर की साइबर ठगी, फर्जी मैसेज भेजा व महिला से ऐंठे 90 हजार

कांकेर। साइबर अपराधी लगातार नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। जिले में साइबर धोखाधड़ी का एक और मामला सामने आया है, जहां एक अज्ञात ठग ने स्कूल के प्राचार्य बनकर महिला को अपने झांसे में लिया और फर्जी ऑनलाइन लेन-देन का भरोसा दिलाकर 90 हजार रुपये की ठगी कर ली। घटना के बाद पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कांकेर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अन्नपूर्णापारा निवासी 38 वर्षीय पूर्णिमा सिन्हा को शुक्रवार दोपहर करीब 12:30 बजे एक अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आया।

# जलभराव प्रभावित क्षेत्रों की विशेष निगरानी, निगम ने बनाई कार्ययोजना

## बरसात से पहले नालियों की सफाई तेज, स्वास्थ्य विभाग की बैठक में निर्देश




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की बैठक स्वास्थ्य विभाग के सभापति नीलेश लूनिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वर्षा ऋतु के दौरान शहर में जलभराव की समस्या एवं नालियों की सफाई व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक में शहर के प्रमुख जलभराव प्रभावित क्षेत्रों स्टेशनपारा, देवश्री टॉकीज रोड, शिव चौक, बठेनापारा, बैला बाजार, रामपुर डबरी, नवागांव एफसीआई चौक, कोलकाता फोटो स्टूडियो के पास, सोरिद भरीपारा, टिकरापारा खपरी तालाब, विंध्यविहार कॉलोनी, गोकुलपुर स्कूल, बांसपारा आस्था नगर एवं सदर उत्तर पटेलपारा को चिन्हांकित कर विशेष कार्ययोजना तैयार करने पर चर्चा की गई।

बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि इन क्षेत्रों में नालियों की नियमित सफाई, जल निकासी मार्गों से अवरोध हटाने तथा जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। सफाई कर्मचारियों की अतिरिक्त टीमों को तैनात कर संवेदनशील क्षेत्रों की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए गए।

**डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: लूनिया**

बैठक में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सभी स्वच्छता दीदियों एवं संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि उनके कार्यक्षेत्र के प्रत्येक घर से नियमित रूप से कचरा संग्रहण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी घर को कचरा संग्रहण से वंचित न रखा जाए तथा कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के सभापति श्री लूनिया ने कहा कि शहर की स्वच्छता बनाए रखने के लिए डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था का सुचारू संचालन आवश्यक है। सभी स्वच्छता दीदियां निर्धारित समय पर अपने वार्डों में पहुंचकर शत-प्रतिशत घरों से कचरा संग्रहण करें तथा नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग देने के लिए भी जागरूक करें।

श्री लूनिया ने कहा कि नागरिकों को वर्षा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए नगर निगम पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रहा है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कमलेश ठाकुर, शशांक मिश्रा, हेमंत बंजारे, कुलेश सोनी, मेघराज ठाकुर, गजेन्द्र कवर, आशा लोधी, कुशल लोढ़ा उपस्थित थे।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व राधाकृष्ण भवन में उमड़ा जनसैलाब

# स्वस्थ रहने सैकड़ों लोगों ने किया सामूहिक योग



## योग से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य एवं क्रीड़ा भारती के जिला संरक्षक पं. राजेश शर्मा थे। अध्यक्षता क्रीड़ा भारती के प्रांत मंत्री सुमित उपाध्याय ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद सामूहिक रूप से योग दिवस की थीम के अनुरूप योगाभ्यास कराया गया। आयोजन में सैकड़ों विद्यार्थियों और नागरिकों ने भाग लेकर योग के प्रति अपनी आस्था और जागरूकता का परिचय दिया।



## योग भारत की संस्कृति और विश्व कल्याण का मार्ग: पं. राजेश

मुख्य अतिथि पं. राजेश शर्मा ने कहा कि योग भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा और सनातन संस्कृति का अमूल्य उपहार है, जिसे आज पूरी दुनिया स्वीकार कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की मान्यता मिलने के बाद योग का वैश्विक महत्व और अधिक बढ़ा है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा के संतुलन का माध्यम है। उन्होंने युवाओं से मोबाइल और सोशल मीडिया पर अधिक समय व्यतीत करने के बजाय योग, खेल और व्यायाम को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पं. राजेश शर्मा ने योग शिक्षकों को ट्रैक सूट भी वितरित किए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर क्रीड़ा भारतीद्वारा राधाकृष्ण भवन में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, खिलाड़ियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने भाग लिया। सामूहिक योगाभ्यास के माध्यम से लोगों ने स्वस्थ, निरोग और अनुशासित जीवन जीने का संकल्प लिया। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की क्रियाएं कराई गईं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

### विभिन्न योगासनों का कराया अभ्यास

योग प्रशिक्षक डॉ. दिनेश नाग, श्रीमती डॉ. दिनेश नाग, उत्तर साहू, शाहिद तथा अन्य प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन और वज्रासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। इसके साथ ही अनुलोम-विलोम, कपालभाति और ध्यान की विधियों का भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने योग के वैज्ञानिक महत्व, शारीरिक लाभ और मानसिक संतुलन पर उसके सकारात्मक प्रभाव की जानकारी दी। लोगों ने पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

### योग से अनेक बीमारियों से रक्षा होती है : उपाध्याय

अध्यक्षीय उद्बोधन में सुमित उपाध्याय ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की पहचान है और यह संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन आधा घंटा योग करने से अनेक बीमारियों से बचाव संभव है और मानसिक तनाव भी कम होता है। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे स्वस्थ भारत के निर्माण का प्रभावी माध्यम बताया। आयोजन में घनश्याम साहू, प्रकाश शर्मा, राजेंद्र शर्मा, बीथिका विश्वास, महेंद्र पंडित सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। प्रतिभागियों ने नियमित योग करने तथा समाज को योग के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

# पाइपलाइन क्षति पर निगम ने ठेकेदार को थमाया नोटिस



■ एक लाख रुपये क्षतिपूर्ति की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर पालिक निगम ने शहर में चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान पेयजल पाइपलाइन को हुए नुकसान के मामले में संबंधित निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी किया है। निगम ने पाइपलाइन क्षति से हुए नुकसान की भरपाई के लिए एक लाख रुपये की राशि जमा कराने के निर्देश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार नहर नाका चौक से शांति घाट तक फोरलेन सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। निगम के जल विभाग के मुताबिक निर्माण कार्य के दौरान शांतिघाट के सामने स्थित निगम की मुख्य राइजिंग पाइपलाइन तथा विस्तारित सप्लाई लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इसके चलते शहर के कुछ हिस्सों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित हुई और नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

नगर निगम ने स्थिति को देखते हुए विभागीय स्तर पर तत्काल नई राइजिंग पाइप स्थापित कर जलापूर्ति बहाल की। हालांकि क्षतिग्रस्त सप्लाई लाइन की मरम्मत का कार्य अभी भी शेष बताया गया है। निगम का कहना है कि पाइपलाइन को हुए नुकसान की मरम्मत और वैकल्पिक व्यवस्था में लगभग एक लाख रुपये का व्यय हुआ है।

कार्यपालन अभियंता की ओर से जारी पत्र में निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया गया है कि वह क्षति पूर्ति की राशि निगम को जमा कराएं। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित राशि का भुगतान नहीं करने की स्थिति में नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित एजेंसी की होगी।

नगर निगम प्रशासन ने कहा है कि सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़ी अधोसंरचना को नुकसान पहुंचाने वाले मामलों में जवाबदेही तय की जाएगी, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और नागरिकों को आवश्यक सेवाएं निर्बाध रूप से मिलती रहें।

# 25 दिन बाद भी नहीं बुझी ट्रेंचिंग ग्राउंड की आग

■ धुएं से वातावरण प्रदूषित, लोग हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के सोरिद क्षेत्र स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में लगी आग का असर कई सप्ताह बाद भी समाप्त नहीं हुआ है। कचरे के बड़े ढेर के भीतर अब भी धधकन बनी हुई है, जिससे लगातार धुआं निकल रहा है। इसके कारण आसपास की बस्तियों और कॉलोनीवासी को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार धुएं की वजह से वातावरण प्रदूषित हो रहा है और सुबह-शाम स्थिति अधिक गंभीर हो जाती है। घरों में धुआं पहुंचने से लोगों को आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत और घुटन जैसी समस्याएं हो रही हैं। रहवासियों का कहना है कि गर्मी के मौसम में कूलर और पंखे चलाने पर भी धुआं घरों के भीतर प्रवेश कर जाता है, जिससे परिवार के सदस्यों को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है।

जानकारी के मुताबिक मई के अंतिम सप्ताह में ट्रेंचिंग ग्राउंड में आग लगने की घटना हुई थी। उस समय नगर निगम और दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण पा लिया था, लेकिन कचरे की गहराई में सुलग रही आग पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकी। ट्रेंचिंग ग्राउंड में प्लास्टिक, पॉलिथीन और अन्य अपशिष्ट सामग्री की अधिकता के कारण धुआं लगातार निकल रहा है। रहवासियों ने निगम प्रशासन से जल्द प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। उनका कहना है कि धुएं का सबसे अधिक असर बच्चों, बुजुर्गों और श्वास संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों पर पड़ रहा है। जल्द समाधान की मांग की है।

### जपं नगरी महासंघ के अध्यक्ष रूपेश का हुआ सम्मान

**नगरी।** जनपद पंचायत नगरी में महासंघ का गठन 102 पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक के बीच हुआ। अध्यक्ष रुपेश कुमार, उपाध्यक्ष अनित कुमार धुव व अन्य सदस्य कमलेश्वरी, संत कुमार नेताम, रविकला साहू, सचिव लक्ष्मी साहू, सहसचिव हुलास राम साहू, कोषाध्यक्ष नरसिंह मरकाम चुने गए। रूपेश कुमार ध्रुव के सम्मान में ग्राम पंचायत लटियारा के पंचायत भवन परिसर में सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कृषि सभापति पन्नालाल मरकाम थे। इस अवसर पर उपसरपंच डिलिए मंडावी, पंच बीरबल नेताम, दिलीप नेताम, रेखाबाई, युवराज सेन, रामगुलाल नेताम, कुशनाथ नेताम, रुक्मणि बाई, टेकन बाई सहित ग्रामीणजन समेत अन्य मौजूद थे।

# केवल हाईलेवल बैठकों और बड़े-बड़े दावों से नहीं होगा समस्याओं का समाधान : भूपेश

■ बस्तर प्रवास के दौरान लोहरसी बाईपास में पूर्व मुख्यमंत्री का कांग्रेसियों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छग के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बस्तर प्रवास के दौरान धमतरी आगमन पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमतरी ग्रामीण के नेतृत्व में लोहरसी बाईपास में उनका भव्य स्वागत किया गया।

स्वागत कार्यक्रम के दौरान भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन की गतिविधियों एवं क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसान खाद, बीज, यूरिया एवं डीएपी की कमी से जूझ रहे हैं। किसानों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, जिससे उनकी परेशानियां लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने बढ़ती महंगाई, बिजली संकट तथा आम जनता से जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा।

श्री बघेल ने कहा कि सरकार को जनता की समस्याओं के समाधान के लिए जमीनी स्तर पर ठोस एवं प्रभावी कदम उठाने चाहिए। केवल हाईलेवल बैठकों और बड़े-बड़े दावों से किसानों, युवाओं और आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान नहीं होगा। मौके पर विधायक ओंकार साहू, मोहन लालवानी, शरद लोहाना, खिलेन्द्र ध्रुव, अरविंद दोशी, राजा देवांगन , विशु देवांगन, हरिनारायण साहू, सूर्याप्रभा चेटियार, वातांजलि गोस्वामी, यश राजपूत लक्ष्मीनारायण साहू समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

# लंबित समस्याओं के निराकरण पर चर्चा

### निगम कर्मचारियों की मांगों को लेकर परामर्शदात्री समिति की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर पालिक निगम के अधिकारी-कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं एवं लंबित मांगों के समाधान को लेकर निगम कार्यालय के सभागार में परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निगम प्रशासन तथा नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने कर्मचारियों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

संघ के अध्यक्ष मंगलू निर्मलकार के नेतृत्व में निगम प्रशासन को सौंपे गए एजेंडे में कर्मचारियों के हित से जुड़े कई विषय शामिल रहे। इनमें प्रत्येक माह की पहली तारीख को वेतन भुगतान, लंबित जीपीएफ एवं सीपीएफ राशि जमा कराने, सेवानिवृत्त एवं दिवंगत कर्मचारियों के स्वत्वों का भुगतान तथा कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग प्रमुख रही। इसके साथ ही पुरानी पेंशन योजना लागू करने, ट्रेजरी पेमेंट व्यवस्था शुरू करने तथा अन्य विभागों में कार्यरत निकाय कर्मचारियों को वापस निगम में पदस्थ करने की मांग भी रखी गई।

बैठक में अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों का निराकरण, समयमान वेतनमान से वंचित कर्मचारियों को लाभ देने तथा तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए नवीन सेटअप तैयार कर शासन को भेजने जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। संघ द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए गठित परामर्शदात्री समिति में मंगलुराम निर्मलकर, मोहम्मद शेर खान, संजय गुप्ता, नितिन बनवासी, कामता प्रसाद चौबे एवं तरूण गजेन्द्र को नामित किया गया है। संघ के दीपक शर्मा, रोशन लोंढे, कमलेश ठाकुर, प्रमेश प्रदरिया, महामंत्री श्री संजय गुप्ता, प्रदेश नितिन बनवासी, कामता प्रसाद चौबे, कमल सिन्हा, लोमश देवांगन सुनील सालुंके ने उम्मीद जताई है कि बैठक में कर्मचारियों की लंबित मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिए जाएंगे।

# आकाशीय बिजली गिरने से 40 भेड़ और 1 बकरी की मौत

■ मगरलोड क्षेत्र के ग्राम डुमरपाली में हुई घटना, पशु मालिक को 5-6 लाख का नुकसान




हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

बुधवार की रात 10 बजे मौसम खराब होते ही आकाश में बिजली की कड़कड़हाट शुरू हुई जिसमें गुजरात कच्छ जिले से घुमक्कड़ भेड़ बकरियों के झुंड में आफत की बिजली गिर गई। आकाशीय बिजली की कड़क से 40 भेड़ और 1 बकरी की मौके पर ही मौत हो गई।

भेड़ बकरी पालक 38 वर्षीय खब्बारी अर्जुन नारायण खारा पशु अरिया पसवाड़ी जिला भुज्ज गुजरात निवासी पिछले 20 वर्षों से छत्तीसगढ़ में बकरी पालन कर अपना जीवकोपार्जन कर रहे हैं। यह काम उनका पुश्तैनी है। उनके पिता, दादा 50 -60 वर्षों से यह काम करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके पास 150 भेड़ बकरी हैं। बुधवार की रात आकाशीय बिजली गिर गई जिसमें 38 मादा भेड़, 1 बकरी और 3 भेड़ के बच्चे की मौत तुरंत हो गई। 38 मादा भेड़ गर्भावस्था में थी।

प्रत्येक भेड़ की कीमत कम से कम 12-13 हजार रुपए थी। इस प्रकार उसे 5-6 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। वे पिछले 20 वर्ष से छग के गुण्डरदेही, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद क्षेत्र घूम-घूमकर भेड़ बकरी पालन का काम कर रहे हैं। उनके साथ उनकी पत्नि और 3 बच्चे और 2 कर्मचारी रहते हैं।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

